मॉडल प्रश्न–पत्र–IV

कक्षा – बारहवीं

विषय – भूगोल

समय : 3 घण्टे **पूर्णांक : 100**

निर्देश– 1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

2. प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इसमें चार खंड है। खण्ड–अ, ब, स, द। प्रत्येक खण्ड में पाँच प्रश्न है तथा प्रत्येक प्रश्न के लिए 1–1 अंक आबंटित है।
3. प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है)
4. प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है)
5. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है)
6. प्रश्न क्रमांक 24 से 25 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है)
7. प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 250 शब्द है)
8. प्रश्न क्रमांक 20 से 27 तक के प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प दिए गए है।

(खण्ड अ)

प्रश्न 1. **सही विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

(i) 'भूगोल प्रकृति से संबंधित विज्ञान है, और यह पृथ्वी पर पाए जाने वाले संभी साधनों का अध्ययन व वर्णन करता है।'' यह परिभाषा है–

(अ) हम्बोल्ट की (ब) रिटर की
(स) टॉलेमी की (द) इनमें से कोई नहीं

(ii) प्रसुप्त ज्वालामुखी है–

(अ) विसुवियस (ब) स्ट्रामबोली
(स) क्राकाटोआ (द) मोनालोआ

(iii) दक्षिण भारत का सर्वोच्च शिखर है–

(अ) दोदाबेटा (ब) अनाईमुडी
(स) महाबम्लेश्वर (द) गुरू शिखर

(iv) भारत में वन भूमि का प्रतिशत है–

(अ) 20 प्रतिशत (ब) 22 प्रतिशत
(स) 24 प्रतिशत (द) 25 प्रतिशत

(v) भारत में जनसंख्या वृद्धि दर लगातार बढ़ रही है–

(अ) 1901 से (ब) 1921 से
(स) 1951 से (द) 1981 से

(खण्ड ब)

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– (1 × 5 = 5)

(i) भूगोल के .... उपागम है।

(ii) .... को संसार का अन्न भंडार कहा जाता है।

(iii) .... जैवमंडल के लिए ऊर्जा का प्राथमिक स्रोत है।

(iv) भारत का सबसे अधिक सूखा प्रवण राज्य .... है।

(v) .... हमारे सामाजिक/आर्थिक निकाय की कुंजी है।

(खण्ड स)

सत्य/असत्य बताइए– (1 × 5 = 5)

(i) मृदा अपरदन का सबसे महत्वपूर्ण कारक वनों का विनाश है।

(ii) भारत संसार का अग्रणी अभ्रक उत्पादक देश है।

(iii) लोगों के एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने को ऋतु प्रवास कहते हैं।

(iv) भारत में 97% अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटक हवाई मार्ग द्वारा आते हैं।

(v) झील में बहता होटल शिकारा कहलाता है।

(खण्ड द)

सही जोड़ी मिलाइए– (1 × 5 = 5)

(i) गर्म जल धारा	–	डाउन्स
(ii) ठण्डी जल धारा	–	टूण्ड्रा जलवायु
(iii) शुष्क जलवायु	–	लेब्रोडोर की धारा
(iv) ध्रुवीय जलवायु	–	केलिफोर्निया
(v) आस्ट्रेलिया	–	स्टेप्स की जलवायु

प्रश्न 2. भूगोल की दो मुख्य अध्ययन विधियाँ कौन–सी है। (2)

प्रश्न 3. आग्नेय शैल किसे कहते हैं ? (2)

प्रश्न 4. महासागरीय नितल के विभागों के नाम बताइए। (2)

प्रश्न 5. समताप मंडल की दो विशेषताएँ लिखिए। (2)

प्रश्न 6. जैव भूरसायन चक्र क्या है ? (2)

प्रश्न 7. भूस्खलन के कोई दो कारण बताइए। (2)

प्रश्न 8. 29 अक्टूबर 1999 को भयंकर विनाशकारी चक्रवात किस राज्य में आया था। (2)

प्रश्न 9. अजैविक संसाधनों के दो उदाहरण दीजिए। (2)

प्रश्न 10. वन संरक्षण की दो विधियों के नाम लिखिए। (2)

प्रश्न 11. वर्षा जल संग्रहण का अर्थ बताइए। (2)

प्रश्न 12. मुम्बई हाई क्यों प्रसिद्ध है। (2)

प्रश्न 13. लिंग अनुपात को परिभाषित कीजिए। (2)

प्रश्न 14. आग्नेय शैल एवं अवसादी शैल में तीन अन्तर बताइए। (3)

प्रश्न 15. भूमण्डलीय तापन को समझाइए। (3)

प्रश्न 16. उत्तरी विशाल मैदान की तीन विशेषताएँ लिखिए। (3)

प्रश्न 17. भारत में सूखे की स्थिति से निपटने के लिए तीन उपाय बताइए। (3)

प्रश्न 18. फसल प्रतिरूप से क्या आशय है ? फसल प्रतिरूप की कोई दो विशेषताएँ बताइए। (3)

प्रश्न 19. वायु परिवहन को तीव्रगामी परिवहन क्यों कहा जाता है ? इसका कोई दो महत्व बताइए। (3)

प्रश्न 20. पृथ्वी के मन्द हलचल एवं आकस्मिक हलचल को संक्षेप में समझाइए। (4)

अथवा

गर्म जल स्रोत एवं गीजर को संक्षेप में समझाइए।

प्रश्न 21. जैविक घटकों का विवरण दीजिए। (4)

अथवा

हरित गृह प्रभाव के परिणाम लिखिए।

प्रश्न 22. मिट्टी के किन्हीं चार प्रकारों का वर्णन कीजिए। (4)

अथवा

भारतीय वनों के किन्हीं चार प्रकारों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 23. जनसंख्या घनत्व से क्या आशय है ? जनसंख्या घनत्व की तीन श्रेणियों का विवरण दीजिए। (4)

अथवा

प्रवास किसे कहते हैं ? भारत में प्रवास के कोई तीन कारकों का विवरण दीजिए।

प्रश्न 24. भारत में भूमि उपयोग को समझाइए। (5)

अथवा

भारत में संचार के विभिन्न साधनों का वर्णन कीजिए। (कोई चार)

प्रश्न 25. भारत के सीमाकार मानचित्र में निम्नांकित को दर्शाइए– (5)

कराकोरम दर्रा, दिल्ली नगर, कावेरी नदी, मुम्बई चेन्नई रेलमार्ग, कांडला बंदरगाह।

अथवा

गंगानदी, नीलगिरी पर्वत, भारत का प्रमुख चाय उत्पादक क्षेत्र, कोलकाता बंदरगाह, चिलका झील।

प्रश्न 26. दीर्घ ज्वार एवं लघु ज्वार का नामांकित चित्र बनाते हुए दोनों में अन्तर स्पष्ट कीजिए। (6)

अथवा

समुद्री टीला एवं गार्ड ऑंट का चित्र बनाते हुए अन्तर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 27. सूर्याताप को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए।

अथवा

तापमान के क्षैतिज वितरण को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए।